संतोष कुमार विरूद्ध भंवरलाल आदि

XXXIX(a)BR(H)-11

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

———

प्रकरण कमांक निग0 927–एक/13 जिला – मंदसौर

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
8-12-14	प्रकरण का अवलोकन किया । यह निगरानी अनुविभागीय अधिकारी, मल्हारगढ़ के द्वारा प्रकरण कमांक 839/अपील/2010–11 में पारित आदेश दिनांक 21.12.11के विरूद्ध म0प्र0 भू–राजस्व संहिता, 1959 (जिसे आगे संहिता कहा जायेगा) की धारा 50 के तहत प्रस्तुत की गई है । 2– प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार हैं कि अनावेदक कमांक 2 लगायत 6 द्वारा तहसीलदार मल्हारगढ़ के द्वारा प्र0क0 1/अ–6/10–11 में पारित आदेश दिनांक 28–6–11 के विरूद्ध अपील अधीनस्थ न्यायालय में पेश की । उक्त अपील में अनुविभागीय अधिकारी ने दोनों पक्षां को सुने जाने के उपरांत तहसील न्यायालय का आदेश निरस्त कर प्रकरण इस निर्देश के साथ उन्हें प्रत्यावर्तित किया कि आपत्तिकर्ता को विधिवत सुनवाई का अवसर प्रदान कर गुणदोष के आधार पर आदेश पारित करें । अनुविभागीय अधिकारी के इस आदेश के विरूद्ध यह निगरानी इस न्यायालय में पेश की गई है । 3– दोनों पक्षों के विद्वान अधिवक्ताओं द्वारा प्रकरण का निराकरण अभिलेख के आधार पर किए जाने का अनुरोध किया गया है । 4– उभयपक्षों के विद्वान अधिवकताओं के तर्कों के परिप्रेक्ष्य में अभिलेख का अवलोकन किया गया । यह प्रकरण नामांतरण का होकर नामांतरण के संबंध में आपत्ति पर आपत्तिकर्ता को सुनवाई का अवसर न मिलने के आधार पर अधीनस्थ न्यायालय ने तहसील न्यायालय के आदेश को निरस्त कर प्रकरण प्रत्यावर्तित किया गया है । प्रकरण में प्रत्यावर्तन के उपरांत उभयपक्ष को	

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
	विचारण न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रखने का अवसर है ऐसी स्थिति में चूंकि गुणदोष पर प्रथम अपीलीय न्यायालय ने कोई आदेश पारित नहीं किया है इस कारण उनके आदेश में हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं है । परिणामस्वरूप यह निगरानी निरस्त की जाती है तथा अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आदेश स्थिर रखा जाता है । उभयपक्षों को सूचना दी जाये एवं अधीनस्थ न्यायालय का अभिलेख वापिस किया जाये । सदस्य	

न्यायालय श्रीमान् राजस्व म०प्र ~~कलेक्टर~~ महोदय, ~~मंदसौर~~ ग्वा. जिला ~~मंदसौर~~ ग्वा म. प्र.

R-927-I/13

प्र. क्र. - 66/अपील/11-12

संतोष कुमार पिता हुकमचंद बघेरवाल, उम्र वयस्क,

निवासी - मंदसौर तह. व जिला मंदसौर ... आवेदक

बनाम

1. भँवरलाल पिता रूपा जी बावरी, वयस्क,
2. लालाराम पिता भँवरलाल बावरी, वयस्क,
3. सुखलाल पिता भँवरलाल बावरी, वयस्क,
4. शिवलाल पिता भँवरलाल बावरी, वयस्क,
5. शांतिबाई पति भँवरलाल बावरी, वयस्क,
6. कंवरलाल पि. भंवरलाल बावरी वयस्क

सभी निवासी - ग्राम कांचरिया चन्द्रावत,

तह. मल्हारगढ जिला मंदसौर म. प्र. ....अनावेदकगण

2077.75
9.3.12

9/3/12